NCERT SOLUTIONS

CLASS - 11th



aglasem.com

Class : 11th
Subject : History
Chapter : 7
Chapter Name : बदलती हुई सांस्कृतिक परम्पराएँ

Q1 चौदहवीं और पंद्रहवीं शताब्दियों में यूनानी और रोमन संस्कृति के किन तत्वों को पुनर्जीवित किया गया?

Answer. 14वीं और 15वीं शताब्दी में यूरोप में अपनी विशेष एवं अलग पहचान बनाई। इसके लिए निश्चित रूप से विविध सभ्यताओं की उत्कृष्टता का अनुकरण किया गया। इसी क्रम में रोमन और यूनानी संस्कृतियों का पुनीत पुनरुत्थान हुआ। समाज में संतुलन के लिए कानून एक प्रिय विषय बन चुका था और रोमन तथा यूनानी संस्कृति के संदर्भ में पढ़ा जाने लगा। तत्कालीन विद्वानों ने रोमन और यूनानी विद्वानों के मौलिक ग्रंथों को पड़ने पर जोर दिया। इसके साथ साथ सामाजिक राजनीतिक आर्थिक, धार्मिक पक्षों और विविध कलाओं में भी मौलिक परिवर्तन हुए।

Page : 167 , Block Name : संक्षेप में उत्तर दीजिये

Q2 इस काल की इटली की वस्तु कला और इस्लामी वास्तुकला की विशेषताओं की तुलना कीजिए ।

Answer. शास्त्रीय वास्तुकला के आधार पर 15 वी शताब्दी में रोम पुनर्जीवित हुआ और उसकी भव्यता को भी विस्तार मिला। इसका मुख्य कारण पोप का राजनीतिक महत्व बढ़ जाना था। पुरातत्व विभाग द्वारा रोम-नगर का उत्खनन किया गया जिसमें से प्राप्त कलात्मक वस्तुओं का अनुकरण करते हुए एक नई शास्त्रीय शैली को प्रोत्साहित किया गया।ज्ञान के नए साधनों और तकनीकी का इसमें पूरा प्रयोग किया गया। दी ड्यूमा, दी पाईटा इत्यादि प्रबल उदाहरणों में से हैं।

इस्लामिक वास्तुकला रोमन, वेजेन्टाइन,फारसी और अन्य कई क्षेत्रीय कलाओं से प्रभावित थे जिन्हें 7वीं व 8वीं शताब्दी में जीता गया था। इसमें संदेह नहीं है कि इस्लामिक वास्तुकला के नमूने 10 वीं शताब्दी तक दुनिया के सामने उभर कर आ चुके थे। मस्जिदों की इमारत में प्रायः दो बड़े कमरे होते थे जिनमें दो विशिष्ट विशेषताएं होती थी एक दीवार में एक मेहराब जो मक्का की दिशा में संकेत करता था और दूसरा मंच जहां से शुक्रवार को दोपहर की नमाज़ के समय प्रवचन होते थे। उमय्यदों ने मरुस्थलीय महल बनवाए। अब्बासियों ने समरा में बागों और बहते हुए पानी के बीच एक नया शाही शहर उनकी उत्कृष्ट कलाओं में गिने जाते हैं।

Page : 167 , Block Name : संक्षेप में उत्तर दीजिये

Q3 मानवतावादी विचारों का अनुभव सबसे पहले इतालवी शहर में क्यों हुआ?

Answer. इटली की अनुकूल सामाजिक, राजतिनिक और धार्मिक परिस्थितियों से उत्पन्न नई परिस्थितियों को उन्नीसवीं शताब्दी के इतिहासकार मानवतावाद नाम देते हैं। इटली के तटवर्ती बंदरगाह पुनः जीवित हो गए थे जिससे नगरों की संकल्पना को विकास मिला। फ्लोरेंस, वेनिस जैसे गणराज्य और जीवंत जेनेवा जैसे नगरों के विकास हुआ। यहां धर्माधिकारी और सामंत वर्ग राजनीतिक दृष्टि से शक्तिशाली नहीं थे। इससे नागरिकता की भावना को बल मिला जिसके साथ ही मानवतावादी विचारों का अनुभव सबसे पहले इटली को हुआ।

Page : 167 , Block Name : संक्षेप में उत्तर दीजिये

Q4 वेनिस इस और समकालीन फ्रांस में अच्छी सरकार के विचारों की तुलना कीजिए।

Answer. अच्छी सरकार के विचारों की तुलना के लिए वहां की परिस्थितियों को समझना जरूरी है-
पश्चिमी रोमन साम्राज्य के पतन के साथ इटली को राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पुनरुत्थान का अवसर मिला। परिणामस्वरूप इटली में दरबारी राज्यों के साथ ही गणराज्यों का विकास हुआ। इनका राज्यों में धार्मिक संस्थाओं के दख़ल काम होने से कुलीन वर्ग का वर्चस्व बढ़ा। लोगों में नागरिकता का बोध जगा यहाँ के निवासियों को यहां का नागरिक कहे जाने पर गर्व का अनुभव होता। 25 वर्ष के अधिक आयु वाले कुलीन शाशन प्रशासन में अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर सकते थे।

फ्रांस के शासन प्रशासन प्रायः तीन वर्गों में बंटा हुआ था जिससे सामंतवादी प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता था। इसमें पादरियों, अभिजात वर्गों , भिक्षुओं और नाइट वर्ग प्रमुख थे। बाकी दास कृषक और स्वतंत्र जनता इनके द्वारा शोषित होती आई थी। आगे फ्रांस में भी नगरों के विकास के साथ सामंतवादी प्रवृत्ति का पतन शुरू हुआ।

Page : 167 , Block Name : संक्षेप में उत्तर दीजिये

Q5 मानवतावादी विचारों के क्या अभिलक्षण थे?
Answer. मानवतावाद अंग्रेजी शब्द ह्यूमैनिटिज़ से अनूदित है जो लातिनी भाषा के शब्द ह्यूमेनिटास से बना है। इसका प्रयोग सिसरो ने संस्कृति के संदर्भ में किया था। मध्यकाल में धर्म ने लोगों को भीतर तक प्रभावित किया था। लेकिन पोप के राजनीतिक पक्ष के कमजोर पड़ने से लोगों को सोचने समझने का अवसर मिला। इसके साथ ही इटली में व्यापार की संभावनाएं तब बढ़ गई जब मंगोलो ने चीन के साथ रेशम मार्ग व्यापार आरंभ किया जिसके कारण पश्चिमी यूरोपीय देशों में व्यापार को बढ़ावा मिला इसमें इटली की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

व्यापार में वृद्धि से नगरीय सभ्यता को विकास मिला जिसके साथ सामंतवादी शक्तियों का पतन होता चला गया। इटली के शहरों में विश्वद्यालयों की स्थापना हुई एवं 11 वीं शताब्दी में पादुआ और बोलोनिया विश्वविद्यालय विधिशास्त्र अध्ययन के केंद्र बने। ज्ञान-विज्ञान की अन्य धाराओं में भी इसी तरह का उत्थान हुआ। इटली ने रोम के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विविध कलाओं को विकसित किया। नागरिकों का नागरिकता के बोध में विश्वास उत्पन्न हुआ और मानवतावाद की जड़ों को मजबूती मिली।

Page : 167 , Block Name : संक्षेप में निबंध लिखिए

Q6 सत्रहवीं शताब्दी के यूरोपियों को विश्व किस प्रकार भिन्न लगा? उसका एक सुनिश्चित विवरण दीजिए।

Answer.17 वीं शताब्दी के यूरोप की सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक परिस्थितियों में विविध परिवर्तन हुए। फ्रांस और इटली में नगरों की स्थापना ने मानवता के नव स्वरूप को विकसित किया, अतः यूरोप को विश्व भिन्न लगा इसको निम्नलिखित बिंदुओं में समझा जा सकता है-
. नगरीय सभ्यता का विकास - 14 वीं शताब्दी से 17 वीं शताब्दी के अंत तक यूरोप में अनेक देशों में नगरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई और एक सुव्यवस्थित नगरीय संस्कृति का रूप निकल कर सामने आया। नगर विविध कार्यक्रमों के केंद्र बने जिसमें वहां के नागरिकों का सक्रिय भूमिका होती थी। परिणामस्वरूप लोगों में इतिहास बोध की समझ विकसित होने लगी और वह अपनी तुलना यूनानी और रोमन लोगों से आधुनिकता और प्राचीनता के संदर्भ में करने लगे।
. धार्मिक संस्थाओं और सामंतवाद का घटता प्रभाव - नगरों के विकास के साथ ही चर्च की स्वायत्तता और राजाओं के विशेष अधिकारों पर पोषित सामंतों के प्रभाव में कमी आने लगी। लोगों को स्वतंत्र चिंतन का अवसर प्राप्त हुआ जिससे धर्म की अनिवार्यता समाप्त हुई और शिक्षा के साथ व्यापार के विविध साधनों का विकास हुआ।
. मानवतावाद का उद्भव और शिक्षा के विविध क्षेत्र - विविध कलाओं के पुनरुत्थान से एक नए शास्त्रीय कलात्मक दृष्टिकोण प्रोत्साहन मिला। नागरिकता की भावना ने आगे मानववादी संस्कारों को पुष्ट किया इतिहास लेखन में

राजनीतिक उद्धरणों के साथ ही सांस्कृतिक और सामाजिक परिपेक्ष को भी चित्रित किया जाने लगा। रोमन नगरों की पुरातत्व वेतन खुदाई की गई इटली के विभिन्न शहरों में विश्वविद्यालयों के विकास से ज्ञान विज्ञान की विभिन्न धाराओं को विकसित होने का अवसर प्राप्त हुआ। इससे कला और को क्लासिकल और आधुनिक शैलियां निकलीं। नौसंचालन की नई तकनीकें विकसित हुईं।

Page : 167 , Block Name : संक्षेप में निबंध लिखिए

aglasem.com